अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद का अभिनन्दन समारोह

भिलाई नगर /6 नवंबर, अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के चेयरमैन और संस्थापक हृदय नारायण मिश्र जी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आने से अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के छत्तीसगढ़ एवं अफिसर एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन प्रगति भवन अफिसर एसोसिएशन क्लब में किया गया। समारोह के मुख्य आतिथ्य के आसंदी पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष हृदय नारायण मिश्र विराजमान रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता अफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष व महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र नरेंद्र कुमार बंछोर ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एस पी (सी आई डी) नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, मुक्तकंठ साहित्य समिति पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महाप्रबंधक रजनीकांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता लखन लाल शर्मा, समाज सेवी सुरेन्द्र शर्मा, पार्षद एवं एम आई सी सदस्य श्रीमति जयश्री जोशी, छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा आदि मंच पर विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम राष्ट्रगान से किया गया।

अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना और धूप-दीप प्रज्वलित किया गया एवं इस बीच सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती विजया राय, शंकर राय एवं तबला के संगत रणदीप बनर्जी राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। सबसे पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने हृदय नारायण मिश्र को शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। अभिनंदन पत्र का वाचन बलराम सिंह ने किया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बारी बारी से मंचस्थ अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंटकर किया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के नव नियुक्त पदाधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के चेयरमैन व संस्थापक हृदय नारायण मिश्र ने सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा को कश्मीरी शाल, उत्तरीय, प्रतीक चिह्न एवं गोल्डेन एमेटेशन माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख सलाहकार गोविंद पाल को भी कश्मीरी शाल प्रतीक चिह्न गोल्डन माला पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के

ISSN:2583-8849

महासचिव डॉ जय प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष बलराम सिंह, उपाध्यक्ष - प्रकाश चन्द्र मंडल, उपाध्यक्ष - चन्द्र शेखर बंजारे, प्रदेश मीडिया प्रभारी - चन्द्रकांत राऊत, प्रदेश प्रवक्ता - सतपाल सिंह, उसी प्रकार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष - पार्वती ढीढी, प्रदेश प्रमुख सलाहकार - जयश्री जोशी, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश - महासचिव - अंशु शर्मा, प्रदेश संयोजक - ममता शर्मा, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव - सोनिया सोनी, आदि लोगों को राष्ट्रीय चेयरमैन हृदय नारायण मिश्र ने कश्मीरी शाल, प्रतीक चिह्न, गोल्डन माला, उत्तरीय आदि देकर सम्मानित किया।

पदाधिकारियों के सम्मान के पश्चात दर्शकदीर्घा में उपस्थित गणमान्य लोगों को भी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की ओर से श्रीफल, अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ आसपास के संपादक प्रदीप भट्टाचार्य, गायिका - विजया राय, कवि साहित्यकार - शंकर राय, समाज सेवी व कवि - पुलिन बिहारी पाल, अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य के कवि - गजराज दास महंत, कवि - ओमवीर करण, एस के गौतम, गौरव शर्मा, दिनेश प्रसाद, नवनीत शर्मा, सुबीर राय, विकास शर्मा, वासुदेव भट्टाचार्य, उन्नी, अजीत कुमार पाल, सभी को सम्मानित किया गया। इसके बाद उत्तराखंड गढ़वाल के दिव्यांग लेखक राजेंद्र प्रसाद कुकरेती के उपन्यास तीन फूल का विमोचन मुख्य अतिथि हृदय नारायण मिश्र एवं मंचस्थ अतिथियों के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह उपन्यास बहुत ही मार्मिक एवं एक अपाहिज लेखक के आपबीती दस्तावेज है। इसके बाद गोविंद पाल द्वारा सुप्रसिद्ध कवि लेखक देवेन्द्र आर्य के 115 ग़ज़लों का बांग्ला लिप्यांतर किया गया वह पुस्तक मन कबीर का लोकार्पण किया गया। प्रकाश मंडल के बांग्ला काव्य संग्रह आमाके उन्मुक्त करो का भी इस अवसर पर लोकार्पण किया गया। इसके अलावा आयोजन सैकड़ों लोग उपस्थित होकर अभिनंदन समारोह को सफल बनाया। मुख्य अतिथि हृदय नारायण मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी को देश की राष्ट्रभाषा बनाने की हमारा संकल्प है यह हमारा भागीरथ प्रयास है। 28 राज्यों में अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की शाखा है नौ लाख से भी अधिक लोग हमारे इस अभियान के साथ जुड़ कर अपने अपने प्रदेशों में काम कर रहे हैं। एक लाख बीस हजार से भी अधिक नारी शक्ति के रूप में महिलाएं भी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद के साथ जुड़ चुकी है। निरंतर लोग हमारे इस अभियान के साथ जुड़ते जा रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासचिव डॉ जय प्रकाश शर्मा ने सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

ओमप्रकाश शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद

छत्तीसगढ़ राज्य